बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार के अधीन सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰ 10/2020 के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अर्हित/अनर्हित उम्मीदवारों की सूची (कारण सहित) आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है।

2. अर्हित उम्मीदवारों की अंक गणना आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है, जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password (जो ऑनलाईन आवेदन भरते समय मिला था) डालकर कर देख सकते है।

3. उक्त विज्ञापन के अंतर्गत रिक्ति के पाँच गुणा उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक 16.11.2022 को आयोग कार्यालय में आयोजित है, जिसके अंतर्गत औपबंधिक कट–ऑफ अंक निम्नवत् है:–

Category	Cut-off marks
UR - Female (01)	83.83
SC (02)	82.44

4. अनर्हित उम्मीदवार अपनी अर्हता के सम्बन्ध में साक्ष्य सहित दिनांक 14.11.2022 तक आयोग के E-mail - (bpscpat-bih@nic.in) **अथवा** निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से बिहार लोक सेवा आयोग, 15 नेहरू पथ, पटना को भेज सकते है।

5. वैसे अर्हित उम्मीदवार जिन्हें अपनी अंक गणना पर आपत्ति है, (विज्ञापन की कंडिका– 5 के अनुसार अधिक अधिभार अंक प्राप्त होने का दावा रखते हों, वो भी दिनांक 14.11.2022 तक साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति ई–मेल के माध्यम से भेज सकते है।

6. अप्राप्त हार्ड कॉपी वाले आवेदक, आवेदन सभी अनुलग्नक सहित तथा पूर्व में हार्ड कॉपी प्रेषित करने सम्बन्धी साक्ष्य (स्पीड पोस्ट की पर्ची) के साथ अपना आपत्ति अभ्यावेदन दिनांक 14.11.2022 तक समर्पित करेंगे।

7. उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

8. साक्षात्कार कार्यक्रम एवं निदेश आपत्ति अभ्यावेदनों के निस्तारणोंपरान्त प्रकाशित किया जायेगा।

10.11.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना